शैक्षिक सत्र–2026–27

विषय–चित्रकला (प्राविधिक)

कक्षा–12

इसमें 100 अकों का एक प्रश्नपत्र 3 घण्टे का होगा। **न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 अंक**

खण्ड–'अ' 10 अंक

अक्षर लेखन, दीर्घवृत्त, ठोस ज्यामिति के प्रक्षेप एवं सममितीय चित्र में से 10 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।

खण्ड–'ब' 12 अंक

हिन्दी तथा अंग्रेजी के बड़े (CAPITAL) प्रकाश व छायायुक्त अक्षर लेखन, रोमन या आधुनिक। साथ–साथ तिरछी छपाई के छोटे अक्षर में एक वाक्य में लिखो।

खण्ड–'स' 16 अंक

दीर्घवृत्त– विभिन्न विधियों द्वारा दीर्घवृत्त की रचना करना तथा स्पर्श रेखा बनाना।

खण्ड–'द' 16 अंक

ठोस ज्यामिति के प्रक्षेप–सूचीस्तम्भ, समपार्श्व, ठोसों के प्रक्षेप तथा बेलन, गोला, घन ठोस ज्यामितीय, शंकु का लाम्बिक प्रक्षेप ।

खण्ड–'ई' 16 अंक

विभिन्न प्रकार ठोसों के सममिति चित्र बनाना तथा लकड़ी के बने अंग्रेजी अक्षर की काट का सममिति चित्र बनाना।

खण्ड–'फ'

खण्ड–'फ' चार भागों में विभाजित है। कोई एक भाग करना अनिवार्य है। सभी भाग 30–30 अंक के है।

वस्तु समूह चित्रण 30 अंक

विभिन्न प्रकार की वस्तुयें जो साधारण प्रयोग में आती हैं और जो बेलनाकार, आयताकार तथा सामान्य आकार की होती है जैसे घरेलू बर्तन, क्राकरी, दीपक, लालटेन, बोतलें, गिलास, जूते, अटैची, थरमस, छतरी, पैकेट, फल, सब्जी आदि का चित्र बनाना–यह चित्रण इंक में प्रकाश, छाया तथा प्रतिछाया, पेन्सिल कलर, पेस्टल, आयल पेंट, पोस्टर रंग, जल रंग अग्र भूमि तथा पृष्ठ भूमि दर्शाते हुए करना है।

टिप्पणी–चित्र का संयोजन 20 सेंमी0 से कम न हो। वस्तु समूह एक आयताकार व अन्य बेलनाकार तथा गोलाकार वस्तुओं का होना चाहिए। जिसका आपस में समन्वय भी होना चाहिए। वस्तुओं की ऊँचाई 40 सेंमी0 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अथवा

प्रकृति चित्रण 30 अंक

पुष्प जैसे–कनेर, गुड़हल, पेन्जी, कलियां, डंठलों, पत्तियों तथा सम्पूर्ण पौधे के चित्र व पुष्प पत्तियों के प्रत्येक अंग व जोड़ बनाने में विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्राकृतिक रंगों में छाया, प्रकाश तथा प्रति छाया दर्शाते हुए बनाना है। जल रंग या पोस्टर रंग का प्रयोग कर सकते हैं।

अथवा

स्मृति चित्रण 30 अंक

स्मृति चित्रण सफेद कागज पर प्रकाश, छाया तथा प्रति छाया सहित निम्न वस्तुओं मे से किसी एक का चित्र बनाना होगा। घरेलू बर्तन, क्राकरी, शीशे के समान, मिट्टी से बने सामान, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, फल एवं सब्जियॉ, पशु–पक्षी, खेल के उपकरण, कृषि उपयोग की वस्तुऍं। नाप 15 सेंमी0 से कम न हों। (माध्यम पेन्सिल क्रेयान)

अथवा

प्राकृतिक दृश्य (Land Scape) 30 अंक

उच्चतर प्राकृतिक दृश्य जैसे उषाकाल, मध्यकाल कोई ऋतु प्रभाव को दर्शाते हुए, मानव, पशु–पक्षी, झोपड़ी, आकाश का समावेश हो या ग्रामीण जीवन की साधारण झांकी, सामाजिक दृश्य, थोड़े प्राकृतिक पृष्ठभूमि में बनाना है। नाप 25 सेंमी0 x 30 सेंमी0। माध्यम–जल रंग, पोस्टर रंग, ऑयल, ऑयल पेस्टल व कार्बन चारकोल पेन्सिल रंग का प्रयोग किया जाना है।

पुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

उपचारात्मक शिक्षण हेतु चार यूनिट टेस्ट निम्नलिखित है–

(i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) जुलाई द्वितीय सप्ताह 20 अंक

(10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट)

(ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) अगस्त अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iii) तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) नवम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) दिसम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

नोट– उपरोक्त यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर लिये जायेंगे। इनके प्राप्तांक परीक्षफल में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।